कोटद्वार, शनिवार
27 अप्रैल 2024
वर्ष: 45
अंक: 350 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## चारधाम यात्रा के कुशल प्रबंधन के लिए सभी विभाग अलर्ट मोड पर रहें : धामी

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों की बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले यात्रा मार्गों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा के कुशल प्रबंधन के लिए सभी विभाग अलर्ट मोड पर रहें। श्रद्धालुओं को मौसम से संबंधित जानकारी, यातायात प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी समय पर प्राप्त हो, इसके लिए श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचनाएं ससमय प्राप्त हो इसके लिए सोशल मीडिया का बेहतर प्रयोग किया जाए।




मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा से जुड़े सभी विभागों के सचिव यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा की सभी तैयारियों को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जाए। चारधाम यात्रा में यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डीजीपी को भी चारधाम यात्रा से पूर्व स्थलीय निरीक्षण के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर जगह-जगह प्राईवेट हेल्थकेयर टेस्टिंग किट की व्यवस्था की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा देश-दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केन्द्र हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि देवभूमि उत्तराखण्ड का अच्छा संदेश देश और दुनिया तक जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यात्रा मार्गों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। प्लास्टिक और कूड़ा प्रबंधन के लिए चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारियों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा धनराशि उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए घोड़ा और खच्चर चालकों का वेरिफिकेशन कराया जाए। सभी का पुलिस और आपराधिक रिकॉर्ड चेक कर लिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भी घोड़े और खच्चर चारधाम यात्रा में लगाये जाएं उनका स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही पंजीकरण किया जाए। घोड़े और खच्चरों के लिए गर्म पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाय। बैठक में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, शहरी विकास मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, श्री बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, अरविन्द सिंह ह्यांकी, डॉ. रंजीत सिन्हा, डॉ. आर. राजेश कुमार, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी एवं चारधाम यात्रा से जुड़े विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और वर्चुअल माध्यम से संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे ने कैंची धाम के दर्शन किए



नैनीताल। बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे शुक्रवार को कैंची धाम पहुंचे और नीब करौरी बाबा मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान बाबा की शिला पर बैठकर उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।बॉलीवुड अभिनेता पांडे शुक्रवार दोपहर 12 बजे नीब करौरी बाबा मंदिर के दर्शन के लिए कैंची धाम पहुंचे। यहां मंदिर समिति सदस्य प्रदीप साह भयु ने उन्हें मंदिर में पूजा–अर्चना और दिनचर्या के बारे में बताया। इस बीच उन्हें प्रशंसकों ने घेर लिया। कई प्रशंसक सेल्फी लेने लगे। भीड़ बढ़ती देख अभिनेता करीब आधे घंटे बाद वाहन से हल्द्वानी के लिए रवाना हो गए। उन्होंने मंदिर समिति से कहा कि उन्हें पहली बार मंदिर के दर्शन करने का मौका मिला। कहा कि यह स्थल जितना सोचा था, उससे अधिक रमणीय है। मंदिर पहुंचने से पहले वह यहां अपने एक मित्र से मिलने उनके आवास पर भी गए थे।

## एक नजर

### शिक्षकों– कर्मचारियों की स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू

नैनीताल। शिक्षा विभाग में शिक्षक एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस दौरान अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा कुमाऊं लीलाधर व्यास की अध्यक्षता में हुई बैठक में तैयारियों पर मंथन किया गया। शिक्षक एवं कर्मचारियों के रिक्त पदों की सूची त्वरित अपडेट करने को कहा गया।

अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा कुमाऊं ने शुक्रवार को मंडल भर के सभी जिलों के मुख्य शिक्षाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानांतरण प्रक्रिया से पहले शिक्षकों के पोर्टल में सुगम–दुर्गम की अंकना कर रिक्तियां अपडेट कर ली जाएं। बीते लंबे समय से जो शिक्षक–कर्मचारी अनुपस्थित हैं। उनका ब्यौरा तत्काल मंडलीय कार्यालय को भेजा जाए। इस दौरान उन्होंने कई बिंदुओं पर समीक्षा के बाद अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल जगमोहन सोनी समेत मंडल भर के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### भंडारे में शामिल हुए सीएम समेत कई भाजपा नेता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी की ओर से मणिमाई मंदिर लच्छीवाला में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वित्त मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, उपाध्यक्ष पुनीत मित्तल, राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी, कैलाश पंत, विनय रोहिला, सांसद अजय टम्टा, विधायक खजान दास, विधायक सविता कपूर, महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा नौटियाल, भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, पूर्व मेयर सुनील उनियाल गामा, आदित्य कोठरी, आदित्य चौहान भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री धामी ने मणि माई मंदिर में मत्था टेका और माता का आशीर्वाद लिया और प्रसाद भी ग्रहण किया। काबीना मंत्री गणेश जोशी ने परिवार संग मणिमाई मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ किया और सिद्धपीठ मणि माई माता से प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। पुजारियों ने मंत्री से मंदिर परिसर के पास टिन शेड निर्माण का अनुरोध किया गया। जिस पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए वन विभाग से शीघ्र स्वीकृति लेकर टिन शेड निर्माण का भरोसा दिलाया।

### छत्तीसगढ़ में चुनाव ड्यूटी में लगे जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान हो रहा है। इसी बीच गरियाबंद से बड़ी खबर सामने आई है जहां चुनाव ड्यूटी पर लगे एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि जवान ने सर्विस राइफल से सिर पर गोली मारकर आत्महत्या की है। घटना पीपरछेड़ी थाना क्षेत्र के कूड़ेरादादर की है। जहां जियालाल पंवार की ड्यूटी चुनाव में लगी थी और वह प्राथमिक स्कूल भवन में रुका था। प्राथमिक स्कूल में रुक कर आराम करने के दौरान उसने सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जियालाल पंवार मध्यप्रदेश के राजपुर का रहने वाला था और 34 वीं बटालियन की ए कंपनी में पदस्थ था और लोकसभा चुनाव ड्यूटी में छत्तीसगढ़ आया हुआ था। अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं।

बता दें कि आज छत्तीसगढ़ की 3 लोकसभा सीटों महासमुंद, कांकेर और राजनांदगांव में मतदान हो रहा है। गरियाबंद महासमुंद की विधानसभा है।

## उत्तराखंड में सात फीसदी तक बढ़े बिजली के दाम

देहरादून। उत्तराखंड में बिजली दरों में करीब–करीब सात फीसदी तक इजाफा हुआ है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बिजली खर्च करने के लिए अब हर महीने अतिरिक्त रुपये चुकाने होंगे। बीपीएल श्रेणी के अलावा हर श्रेणी पर बिजली दरों को बढ़ा दिया गया है। ऊर्जा निगम ने विद्युत नियामक आयोग को बढ़ोत्तरी का जो प्रस्ताव भेजा था, आयोग ने उसमें संशोधन कर बढ़ोत्तरी को 6.92 प्रतिशत की है। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग–यूईआरसी ने शुक्रवार को नई दरों का ऐलान किया।



### उत्तराखंड में इस तरह बढ़ी बिजली दरें

| कैटेगरी | एक अप्रैल 2022 | एक अप्रैल 2023 | एक अप्रैल 2024 |
|---|---|---|---|
| 100 यूनिट | 2.90 | - 3.15 | - 3.40 |
| 100–200 | 4.20 | - 4.60 | - 4.90 |
| 200–400 | 5.80 | - 6.30 | - 6.70 |
| 400 से ऊपर | 6.55 | - 6.95 | - 7.35 |

नई दरें उपभोक्ताओं पर एक अप्रैल 2024 से ही लागू होंगी। लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद हुई बढोत्तरी से उपभोक्ता हैरान हैं। शुक्रवार को विद्युत नियामक आयोग मुख्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष एमएल प्रसाद ने बताया कि ऊर्जा निगम ने 12562.27 करोड़ का खर्चा बताते हुए उसी अनुरूप दरों में बढ़ोत्तरी की मांग की थी। आयोग ने खर्चों को सीमित करते हुए सिर्फ 10690.03 करोड़ का खर्चा ही स्वीकार किया है। इस तरह आयोग ने ऊर्जा निगम के 1872.24 करोड़ के खर्चों को खारिज कर आम उपभोक्ताओं को राहत दी। इसी कारण बढ़ोत्तरी सिर्फ 6.92 प्रतिशत पर सीमित रही। घरेलू श्रेणी के ऐसे उपभोक्ता, जो सिर्फ 100 यूनिट तक ही बिजली खर्च करते हैं, उनकी दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या 12.54 लाख है। 400 यूनिट तक खर्च करने वाले घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं की उत्तराखंड में संख्या 22 लाख है। जो कुल घरेलू उपभोक्ताओं का 82 प्रतिशत है। कमर्शियल श्रेणी में 30 से 45 पैसे, एलटी इंडस्ट्री में 25 पैसे, एचटी इंडस्ट्री में 50 पैसे प्रति यूनिट का इजाफा किया गया। इस अवसर पर सचिव नीरज सती, निदेशक तकनीकी प्रभात डिमरी, निदेशक वित्त दीपक पांडे मौजूद रहे।


फिक्स चार्ज भी बढ़ायाः आयोग ने इस बार बिजली दरों के साथ ही फिक्स चार्ज में भी बढ़ोत्तरी की है। आम घरेलू उपभोक्ता का फिक्स चार्ज 15 से 20 रुपये प्रति किलोवाट बढ़ाया है। कमर्शियल श्रेणी में फिक्स चार्ज दस से 20 रुपये प्रति किलोवॉट तक बढ़ाया है। उद्योगों का फिक्स चार्ज 15 रुपये से 117 रुपये प्रति किलोवॉट तक बढ़ा दिया गया है।

समय पर बिल देने वालों की छूट कायमः आयोग ने समय पर बिजली बिलों का भुगतान करने वालों को छूट इस बार भी कायम रखी है। हालांकि छूट को इस बार बढ़ाया नहीं गया है। जबकि पिछली बार इसी छूट को बढ़ाया गया था। ऑनलाइन बिल जमा कराने पर छूट को पिछले साल 1.25 प्रतिशत से बढ़ा कर 1.50 प्रतिशत कर दिया गया है। अन्य माध्यमों से समय पर बिलों का भुगतान करने वालों की छूट 0.75 प्रतिशत से बढ़ा कर एक प्रतिशत कर दी गई है। इस साल छूट में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।

हर महीने 25 से 160 रुपये का झटका : घरेलू श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को हर महीने बिजली बिलों में 25 रुपये से लेकर 160 रुपये का झटका लगेगा। 100 यूनिट तक बिजली खर्च करने वालों का बिल 25 रुपये, 200 यूनिट वालों का 60 रुपये, 300 यूनिट वालों का 120 और 400 यूनिट तक खर्च करने वालों का बिल हर महीने 160 रुपये तक बढ़ जाएगा।

## शराब घोटाला मामले में सिसोदिया को नहीं मिली राहत

### ● कोर्ट ने 8 मई तक बढाई न्यायिक हिरासत



नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन मामले में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया, सह–आरोपी विजय नायर और अन्य की न्यायिक हिरासत आठ मई तक बढ़ा दी। आरोपी व्यक्तियों को पूर्व की उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया।

**आरोपी व्यक्ति कार्यवाही में देरी कर रहे**

न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया कि आरोप पत्र से संबंधित दस्तावेजों को डिजिटल बनाने में कितना समय लगने की संभावना है। अदालत में ईडी के विशेष लोक अभियोजक नवीन कुमार मट्टा और साइमन बेंजामिन ने आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्ति कार्यवाही में देरी कर रहे हैं और वे सुनवाई में तेजी लाने के इच्छुक नहीं हैं। इससे पूर्व, अदालत ने मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को सात मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

**बिहारः दरभंगा में शादी का जश्न मनाना पड़ा भारी**

## पटाखों की आग में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

पटना । बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में – शुक्रवार की दरमियानी रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई।



राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को दुख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की है।

मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गयी। दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रोशन ने शुक्रवार को ह्यपीटीआई–भाषा' से बात करते हुए कहा, ह्यह्यकल रात बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन दिशा–निर्देशों के अनुसार पीड़ति परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।''

दरभंगा के पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात करीब 11.15 बजे आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया है।

### रायबरेली में भीषण सड़क हादसे में चार बारातियों की मौत

रायबरेली। रायबरेली जिले के मिल एरिया थाना क्षेत्र के मालिन पुरवा गांव के पास शुक्रवार को तड़के बारातियों की स्कार्पियो के पहले पुलिया से और फिर पेड़ से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बारात लालगंज के कटहरिन का पुरवा गांव से अमेठी जिले के फुरसतगंज गयी थी और वहां से शुक्रवार को तड़के करीब तीन बजे आठ बराती स्कॉर्पियो से वापस लौट रहे थे। रायबरेली– सुलतानपुर रोड पर मालिन का पुरवा गांव के पास गाड़ी पुलिया से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में वाहन सवार सभी लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि आसपास के लोगों की सूचना पर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने लालगंज निवासी पंकज पाल (30), अजबी का पुरवा निवासी राघवेंद्र यादव (50), कहरियन का पुरवा निवासी दीपक पाल (28) व अवधेश पाल (45) को मृत घोषित कर दिया।

## ईवीएम पर सुको की मुहर, बैलेट पेपर से वोटिंग नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती (मिलान)100 फीसदी तक बढ़ाने या मतपत्रों की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग वाली याचिकाएं पर शुक्रवार को सर्वसम्मति से खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर अलग–अलग, लेकिन सहमति वाली फैसला सुनाया।

पीठ ने कहा कि ईवीएम–वीवीपैट प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से अनुचित संदेह पैदा होगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि दो निर्देश जारी किए कि चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील कर दिया जाना चाहिए और 45 दिनों की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि ईवीएम नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपीएटी को मतगणना के परिणाम घोषित होने के 07 दिनों के भीतर (माइक्रोकंट्रोलर ईवीएम में नष्ट हुई मेमोरी की जांच) उम्मीदवार के लिखित अनुरोध पर विनिर्माण कंपनियों के इंजीनियरों एक टीम द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि इस प्रक्रिया में आने वाले खर्च अनुरोध करने वाले संबंधित उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा। इसके विपरित यदि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ पाई जाती है तो अनुरोध करने वाले उम्मीदवार/उम्मीदवारों को खर्च वापस किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि उसने ईवीएम और वीवीपैट प्रोटोकॉल का अध्ययन करने के बाद निर्देश पारित किए। न्यायमूर्ति दत्ता ने लोकतंत्र विश्वासों में सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया कि है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रणाली लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।शीर्ष अदालत ने कहा कि हमारे दृष्टिकोण को साक्ष्य और कारणों द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए ताकि विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर सार्थक सुधार के लिए जगह मिल सके।

## एनडीए में फिर से वापसी के बाद नीतीश के लिए असली परीक्षा है लोकसभा चुनाव

**दूसरे चरण के मतदान पर सबकी नजर**

पटना। जदयू के एक बड़े नेता ने कहा कि इन सीटों पर महंगाई, बेरोजगारी और विकास जैसे मुद्दों पर एनडीए और महागठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। हमें उम्मीद है कि हम ये सभी सीटें जीतेंगे। पूर्णिया, किशनगंज और भागलपुर लोकसभा सीटें उन पांच सीटों में प्रमुख हैं, जिन पर दोनों गठबंधनों ने जोरदार प्रचार किया है और नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने बड़े पैमाने पर सार्वजनिक सभाओं में भाग लिया है।

शुक्रवार को दूसरे चरण के मतदान में राज्य की सीमांचल स्थित पांच प्रमुख सीटों पर एनडीए के घटक दल सत्तारूढ़ जदयू और बिहार में महागठबंधन के प्रमुख विपक्षी दल राजद की प्रतिष्ठा दांव पर है। पांच सीटों – पूर्णिया, किशनगंज, भागलपुर, बांका और कटिहार – के लिए 86 उम्मीदवार मैदान में हैं। सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ जेडीयू ने राजद और कांग्रेस के खिलाफ एनडीए समर्थित उम्मीदवार उतारे हैं। इन पांटों सीटों पर जदयू के ही उम्मीदवार हैं। नीतीश के फिर से एनडीए में जाने के बाद एक बार फिर से यह चुनाव लिटमस टेस्ट है।




जदयू के एक बड़े नेता ने कहा कि इन सीटों पर महंगाई, बेरोजगारी और विकास जैसे मुद्दों पर एनडीए और महागठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। हमें उम्मीद है कि हम ये सभी सीटें जीतेंगे। पूर्णिया, किशनगंज और भागलपुर लोकसभा सीटें उन पांच सीटों में प्रमुख हैं, जिन पर दोनों गठबंधनों ने जोरदार प्रचार किया है और नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने बड़े पैमाने पर सार्वजनिक सभाओं में भाग लिया है। कांग्रेस ने तीन सीटों पर जबकि सहयोगी राजद ने दो सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। जद (यू) ने सभी पांच सीटों पर प्रचार किया है। पूर्णिया और किशनगंज में, एनडीए उम्मीदवार त्रिकोणीय मुकाबले में हैं, जबकि भागलपुर, कटिहार और बांका में, जेडीयू उम्मीदवारों को कांग्रेस और राजद उम्मीदवारों के साथ सीधी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्णिया में सहित सभी पांच उम्मीदवारों का चयन सीएम नीतीश कुमार ने किया है, जो 2019 की तुलना में अधिक कठिन मुकाबले से अवगत हैं। तेजस्वी यादव ने पूर्णिया में अपनी पार्टी के उम्मीदवार के लिए मैराथन प्रचार किया है और तीन दिनों तक वहां कैंप किया है।

### कांग्रेस पहले चरण में पस्त और दूसरे चरण में ध्वस्त हो जाएंगे', विपक्ष पर गरजे पीएम मोदी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। उन्होंने मालदा में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि सुबह से ही लोग उत्साह, उमंग के साथ लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। जो लोग मतदान के लिए निकल पड़े हैं मैं उनका हृदय से अभिनंदन करता हूं। बंगाल में लोकतंत्र के इस उत्सव का अलग ही उत्साह दिखता है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में टीएमसी और कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा, "मुझे विश्वास है कि पहले चरण में टीएमसी , कांग्रेस जैसे दल जो पस्त हो रहे थे अब दूसरे चरण में ध्वस्त हो जाएंगे।" उन्होंने कहा, "टीएमसी और कांग्रेस यहां आपस में लड़ने का दिखावा जरूर करती है लेकिन इनका आचार, व्यवहार बिलकुल एक जैसा है। इन दोनों को एक चीज़ जो जोड़कर रखती है वह तुष्टीकरण है। टीएमसी और कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि ये सत्ता में हुए तो उअअ रद्द कर देंगे। सीएए नागरिकता छीनने का नहीं नागरिकता देने का कानून है। टीएमसी लगातार झूठ फैला रही है।"प्रधानमंत्री ने कहा, "एक समय था जब बंगाल पूरे देश के विकास का नेतृत्व करता था, लेकिन पहले लेफ्ट और फिर टीएमसी ने अपने शासन में बंगाल की इस महानता को चोट पहुंचाई।

## सीबीआई जांच के खिलाफ बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने संदेशखाली मामले की जांच कर रही सीबीआई के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसमें सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के खिलाफ महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के आरोप लगाए गए थे। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के 10 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी, जिसमें केंद्रीय जांच एजेंसी को संदेशखाली मामले की जांच करने की अनुमति दी गई थी।जस्टिस बीआर गवई की अगुवाई वाली बेंच इस मामले की सुनवाई 29 अप्रैल को करेगी। बंगाल सरकार ने उस दिन सुप्रीम कोर्ट का रुख किया जब 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम पर हमले के



मामले में सीबीआई ने संदेशकली में छापेमारी की थी।सूत्रों के अनुसार, 10 सदस्यीय सीबीआई टीम ने संदेशखाली के सरबेरिया इलाके में एक घर पर छापा मारा, जो स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता हफीजुल खान के रिश्तेदार का था। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ मिलकर सीबीआई की टीम ने हथियार और गोला–बारूद के साथ–साथ घर के अंदर रखे कई बम भी बरामद किए हैं

## संपादकीय

# विद्युत दर वृद्धि का करंट

उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव से पहले भले ही सरकार ने जनता से जो भी वादे किए हो, लेकिन चुनाव के बाद उत्तराखंड की जनता को महंगी बिजली का झटका जरूर दे दिया गया है। यह लगभग तय है कि जल्द ही उत्तराखंड में विद्युत उपभोक्ताओं को लगभग 7% प्रति यूनिट बिजली का अधिक मूल्य चुकाना होगा। यह काफी हैरान कर देने वाला है कि चुनाव से पूर्व बड़े–बड़े वादे करने वाली सरकार ने उत्तराखंड में चुनाव संपन्न होते ही महंगाई की मार जनता पर थोप दी है। जल्द लागू होने वाली दरों के अनुसार राज्य में करीब सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। किस मामले में केवल कुछ खास लोगों को ही विद्युत बढ़ोतरी से दूर रखा गया है जिसमें बीपीएल के 4.5 लाख उपभोक्ताओं, स्नो बाउंड उपभोक्ताओं और फिक्स्ड चार्ज की बढ़ी दरें नहीं देनी होगी। विद्युत नियामक बोर्ड के प्रस्ताव के अनुसार घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक बिजली खर्च करने पर 25 पैसे, 101 से 200 यूनिट पर 30 पैसा, 201 से 400 यूनिट तक 40 पैसा प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। सोलर वाटर हीटर में छूट 75 रुपये प्रति 50 लीटर रखी गई है। पहले यह अनुमान लगाया जा रहा था कि प्रदेश में बिजली के दामों में 8 से 11 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होगी, क्योंकि यूपीसीएल ने 23 से 27 प्रतिशत बढ़ोतरी मांग की थी, जिसके सापेक्ष नियामक आयोग उपभोक्ताओं की जरूरत के हिसाब से अपना फैसला लेने की बात कही थी। यूपीसीएल ने बिजली खरीद पर सालाना 1281 करोड़ का हवाला देते हुए मांग की थी कि बिजली की दरों में 23–27 फीसदी की बढ़ोतरी की मांग की थी, लेकिन यह संभव नहीं था क्योंकि इतने बड़े स्तर पर बिजली के दाम बढ़ने पर सरकार के लिए जवाब देना भारी पड़ सकता था। इधर बिजली की दरों में बढ़ोतरी की बात सामने आने के साथ ही विपक्ष ने भी सरकार को घेरना शुरू कर दिया है और इसे चुनाव के बाद जनता को दिया गया सरकार का तोहफा बताया है। उत्तराखंड में व्यापक प्राकृतिक संसाधन होने के बावजूद प्रदेश के लोगों को महंगी बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि राज्य बनने से पहले ही उत्तराखंड राज्य में राजस्व के लिए विद्युत उत्पादन को न केवल एक सुदृढ़ संसाधन बताया गया था बल्कि यह भी संभावनाएं जताई गई थी कि राज्य के लोगों को कम दाम पर बिजली मिलेगी लेकिन उत्तराखंड राज्य निर्माण के बाद से प्रदेश के विद्युत उपभोक्ता विद्युत धारों में बढ़ोतरी को झेलते आ रहे हैं, और इस बार लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया उत्तराखंड में संपन्न होने के साथ ही विद्युत दरों में बढ़ोतरी काफी हैरान कर देने वाली है।

# उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी

**इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है, इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है परंतु अब आर्यों के भारतीय होने संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवी शील्ड ने किया था। 2003 में अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स में प्रकाशित इस शोध–पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि 2009 में वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आयरे को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। एनसीआरईटी की इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं।**

**प्रमोद भार्गव**

राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रमणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं।

21 वर्ष की खींचतान और दुनिया भर में हुए अध्ययनों के बाद तय हो गया कि ह्यआर्य सभ्यता भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय राखीगढ़ीमैन के नाम से प्रसिद्ध प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12 की किताब में बदलाव किया गया है। इतिहास की पुस्तक में ईट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यता पाठ में आर्यों को मूल भारतीय बताया गया है। कक्षा 7, 8, 10 व 11 की इतिहास व समाजशास्त्र की पुस्तकों में भी बदलाव किया गया है।

इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है, इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है परंतु अब आर्यों के भारतीय होने संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवी शील्ड ने किया था।

2003 में अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स में प्रकाशित इस शोध–पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि 2009 में वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आयरे को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। एनसीआरईटी की इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं।

इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास की पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली–राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने भारत पर आक्रमण किया।

हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांशिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विश्वविद्यालय पुणे, सीसीएमबी, हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन, यूएसए ने किया है।

डीएनए विश्लेशण में यह भी स्पष्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भारतीय हैं। आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती। व्यापार, पर्यटन आदि के लिए भारत में विदेशी आते रहे और भारतीय भी विदेश जाते रहे, इन कारणों से जीन में मिलावट होती रही हैं।

प्रो. शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग–अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर–कंकाल मिले। भिन्न आकार–आकृति के हवन–कुंड और कोयले के अवशेष भी मिले हैं। तय है कि भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक अनुसंधान ऐतिहासिक–अवधारणाओं को बदलने के ये आधार बने हैं। ह्यआर्योंह्न के ऊपर ह्यआनुवांशिकीह्न के आधार पर पहले भी एक शोध सामने आया है। उससे तय हुआ है कि भारतीयों की कोशिकाओं का जो आनुवांशिकी ढांचा है, वह बहुत पुराना है।

डीएनए के आधार पर एक महत्त्वपूर्ण खोज से साबित हुआ है कि भारत के बहुसंख्यक लोगों के दक्षिण भारतीय दो आदिवासी समुदाय पूर्वज हैं। गंगा घाटी से आयरलैंड तक की भाषाएं आर्य परिवार की आर्य भाषाएं हैं। इसी कारण इन भाषाओं में लिपि एवं उच्चारण की भिन्नता होने के बावजूद अपभ्रंशी समरूपता है और इन भाषाओं का उद्गम स्रोत संस्कृत है।

बंगाली इतिहासकार एसी दास इस स्थान अथवा मूल भारतीयों का निवास स्थल ह्यसप्त सिंधुह्न मानते हैं, जो पंजाब में था। अब आर्यों के मूल भारतीय होने की अवधारणा को मान्यता मिल रही है। तब इतिहास के इस तथ्य के बदलाव को केवल शालेय पुस्तकों में परिवर्तन तक सीमित न रखते हुए उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी हैं।

# लोकतंत्र स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं



सात चरणों में कराए जा रहे आम चुनाव–24 के प्रथम चरण में 2019 की तुलना में करीब चार फीसद कम मतदान होने से चुनाव आयोग, राजनीतिक दल गरज यह कि चुनाव प्रक्रिया से संबद्ध सभी पक्ष चिंता में पड़ गए हैं।

गौरतलब है कि अठारहवीं लोक सभा के लिए प्रथम चरण का मतदान अपेक्षाकृत धीमी गति से शुरू हुआ लेकिन दिन चढ़ने के बाद भी धीमापन आखिर तक बरकरार रहा। मतदान के एक दिन बाद ही शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान, चाहे किसी को भी वोट करें, में जरूर हिस्सा लें।

कम मतदान के कारणों की पड़ताल शुरू हो चुकी है, और कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कई राज्यों में लू की स्थिति, शादियों के मुहूर्त और मतदाताओं में उत्साह की कमी के चलते मतदान फीसद में गिरावट आई है। चार फीसद कम मतदान का मतलब हुआ कि पिछली बार की तुलना में इस बार करीब 48 लाख मतदाता मत देने नहीं पहुंचे। मतदान का पहला चरण बाकी के चरणों का रुख तय करता है, जैसा कि पिछले दो संसदीय चुनावों के आंकड़ों से पता चलता है।

इस लिहाज से कहा जा सकता है कि बाकी बचे छह चरणों में भी मतदाताओं में उदासीनता का रुख बना रह सकता है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं है। यह सवाल परेशानी का सबब बन चुका है कि आखिर, शिक्षित मतदाता तक अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इस कदर गैर–जिम्मेदाराना रवैया क्यों अपना रहा है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि देश के नागरिक का अपने देश के प्रति, लोकतंत्र के प्रति दायित्व सर्वोपरि है।

यदि नागरिक इस प्रकार से मतदान के प्रति बेरुखी दिखाएगा तो लोकतंत्र कैसे समृद्ध बना रह पाएगा। आने वाले छह चरणों में भी मतदाता का यही रुख न बना रहे इसके लिए समन्वित प्रयास करने जरूरी हैं। हालांकि चुनाव आयोग चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए खासे प्रयास अरसे से करता रहा है।

इस क्रम दस से ज्यादा मशहूर हस्तियों को राजदूत के रूप में नियुक्त करने के साथ ही आईपीएल दर्शकों के बीच मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया गया। कहना यह कि चुनाव आयोग ने मतदाताओं को अपने अधिकार के उपयोग यानी मतदान के लिए प्रेरित करने में अपने तई कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन इसके बावजूद मतदान में गिरावट देखने को मिली है। मतदान को अनिवार्य किए जाने का विकल्प भी खुला है। हालांकि वह नौबत न ही आए तो अच्छा।

**कम मतदान के कारणों की पड़ताल शुरू हो चुकी है, और कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कई राज्यों में लू की स्थिति, शादियों के मुहूर्त और मतदाताओं में उत्साह की कमी के चलते मतदान फीसद में गिरावट आई है। चार फीसद कम मतदान का मतलब हुआ कि पिछली बार की तुलना में इस बार करीब 48 लाख मतदाता मत देने नहीं पहुंचे। मतदान का पहला चरण बाकी के चरणों का रुख तय करता है, जैसा कि पिछले दो संसदीय चुनावों के आंकड़ों से पता चलता है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि बाकी बचे छह चरणों में भी मतदाताओं में उदासीनता का रुख बना रह सकता है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं है। यह सवाल परेशानी का सबब बन चुका है कि आखिर, शिक्षित मतदाता तक अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इस कदर गैर–जिम्मेदाराना रवैया क्यों अपना रहा है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि देश के नागरिक का अपने देश के प्रति, लोकतंत्र के प्रति दायित्व सर्वोपरि है। यदि नागरिक इस प्रकार से मतदान के प्रति बेरुखी दिखाएगा तो लोकतंत्र कैसे समृद्ध बना रह पाएगा।**

## सेहत में बड़ा सहारा, पैंसठ वर्ष से अधिक आयु के लोगों को भी स्वास्थ्य बीमा

**मनोज भूटानी**

गंभीर और ऐसी बीमारियों, जिनके इलाज में भारी रकम खर्च करनी पड़ती है, स्वास्थ्य बीमा लोगों के लिए बहुत बड़ा सहारा साबित होता है। स्वास्थ्य बीमा शुरू करने का मकसद भी यही था कि लोगों को स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च की चिंता से मुक्त रखा जा सके। मगर इसमें एक बड़ी अड़चन थी कि पैंसठ वर्ष से अधिक उम्र के लोग स्वास्थ्य बीमा नहीं खरीद सकते थे। आमतौर पर ज्यादातर लोगों को इसी उम्र के बाद स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां घेरती हैं।

मगर स्वास्थ्य बीमा न खरीद पाने के चलते वे निराश हो जाते थे। फिर, कैंसर, हृदय रोग या एड्स जैसी कुछ गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को इसकी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इसके अलावा, स्वास्थ्य बीमा खरीदने के बाद अड़तालीस महीने तक उसका लाभ नहीं उठाया जा सकता था। अब भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने इन अड़चनों को दूर करते हुए नियम जारी किया है कि पैंसठ वर्ष से अधिक आयु के लोग भी स्वास्थ्य बीमा खरीद सकेंगे। यानी अब किसी भी उम्र में स्वास्थ्य बीमा खरीदा जा सकता है। बीमा कंपनियां अब कैंसर, एड्स और हृदय रोग जैसी बीमारियों की वजह से किसी को बीमा देने से इनकार नहीं कर सकतीं। बीमा खरीदने के छत्तीस महीने बाद उसका लाभ उठाया जा सकेगा।

बीमा क्षेत्र को विस्तार देने और प्रतिस्पर्धी बनाने के मकसद से इस क्षेत्र में निजी बैंकों और विदेशी कंपनियों के लिए सौ फीसद निवेश का रास्ता खोला गया था। फिर बीमा कंपनी बदलने की भी छूट दे दी गई थी। निस्संदेह इससे बीमा कंपनियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ी और लोगों को इसका लाभ मिलना भी शुरू हो गया। मगर स्वास्थ्य बीमा के मामले में कई तरह की अड़चनें बनी हुई थीं। उम्र और कुछ गंभीर बीमारियां इस रास्ते में बड़ी बाधा थीं। अब उनके हट जाने से निस्संदेह बहुत सारे लोगों के लिए आसानी हो जाएगी। अब जिस तरह जलवायु परिवर्तन और बदलती स्थितियों के चलते अनेक प्रकार की नई–नई बीमारियां पैदा हो रही हैं और बहुत सारे लोगों के लिए इलाज कराना मुश्किल होता जा रहा है, उसमें बीमा कंपनियों का वृद्धावस्था की ओर बढ़ती आबादी को इस सुविधा से वंचित रखना उचित नहीं था। दुनिया के अनेक देशों में वृद्धों की सेहत पर विशेष ध्यान दिया जाता है, मगर जिस तरह हमारे देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ और उनमें सुविधाओं का अभाव बढ़ता गया है, उसमें बुजुर्ग आबादी की सेहत का ध्यान रखना चुनौती बनता गया है। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा की शर्तों को लचीला बनाने से कुछ बेहतर नतीजे मिल सकते हैं। मगर अब भी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को पुख्ता, पारदर्शी और प्रभावशाली बनाने की जरूरत रेखांकित की जाती रहती है। केंद्र सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा उपलब्ध करा रखी है।

# वरुण धवन के फैंस को मिला सरप्राइज, फिल्म बेबी जॉन का नया पोस्टर रिलीज



वरुण धवन इन दिनों अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच इस फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने बेबी जॉन का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इस पोस्टर में वरुण धवन एकदम अलग अवतार में नजर आ रहे हैं। दर्शकों ने इससे पहले उन्हें इस लुक में नहीं देखा होगा। यही वजह है कि लोग सोशल मीडिया पर इस नए पोस्टर को लेकर जमकर बातचीत कर रहे हैं।

फरवरी में फिल्म के नाम की घोषणा होने के बाद से ही दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आज वरुण धवन के 37वें जन्मदिन के खास मौके पर फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। वरुण के चाहने वालों के लिए यह किसी तोहफे से कम नहीं है। दर्शकों को उम्मीद है कि इस फिल्म में उन्हें शानदार एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म बेबी जॉन के नए पोस्टर को फिल्म के निर्माता मुराद खेतानी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रिलीज किया है। पोस्टर में वरुण धवन शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इसमें उनके लंबे बाल और दमदार बॉडी को भी साफ देखा जा सकता है। पोस्टर में वरुण धवन बारिश के बीच किसी आदमी की गर्दन को पकड़े हुए दिख रहे हैं। उनके चेहरे पर गुस्सा झलक रहा है। इस पोस्टर के साथ मुराद खेतानी ने कैप्शन में लिखा, बेबी जॉन की ताकत वरुण धवन को जन्मदिन की शुभकामनाएं। एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। बेबी जॉन जल्द आ रही है। फिल्म का निर्देशन ए. कालीस्वरन ने किया है। मुराद खेतानी के साथ–साथ एटली ने भी इसका निर्माण किया है। फिल्म में वरुण धवन के अलावा कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी भी अभिनय करती नजर आएंगी। बता दें कि बेबी जॉन से अभिनेत्री कीर्ति सुरेश बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है।

## क्रुणाल पांड्या दूसरी बार बने पिता, पत्नी पंखुरी ने दिया दूसरे बच्चे को जन्म;

नई दिल्ली। भारत के हरफनमौला खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या और उनकी पत्नी पंखुरी शर्मा ने शुक्रवार, 26 अप्रैल को अपने दूसरे बच्चे के जन्म की घोषणा की। दंपति ने नाम वायु रखा है। क्रुणाल ने सोशल मीडिया पर अपने दोनों बच्चों के साथ तस्वीर शेयर की है। क्रुणाल और पंखुरी ने जुलाई 2022 में अपने पहले बच्चे कविर का स्वागत किया था।

क्रुणाल पांड्या ने अपने पोस्ट में बताया कि वायु का जन्म 21 अप्रैल, 2024 को हुआ है। दिनेश कार्तिक और शिखर धवन इस जोड़े को उनके बच्चे के जन्म पर बधाई दी है। दिनेश कार्तिक ने लिखा, "दोनों को बहुत–बहुत बधाई। बहुत सारा प्यार।"

**लखनऊने भी दी बधाई**

संयोग से क्रुणाल पांड्या अपने दूसरे बच्चे के जन्म के 2 दिन बाद लखनऊवापस आ गए थे, क्योंकि वह 23 अप्रैल को चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई को हराने वाली प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे। क्रुणाल पांड्या के दूसरे बच्चे के जन्म पर लखनऊ फ्रेंचाइजी ने भी बधाई दी है।

# मिचेल स्टार्क प्लेइंग इलेवन से बाहर, 50 लाख के गेंदबाज ने किया डेब्यू



नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना पंजाब किंग्स से है। सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बड़ा बदलाव करते हुए 24.75 करोड़ी मिचेल स्टार्क को बाहर कर दिया। उनकी जगह 50 लाख के गेंदबाज को टीम में जगह दी थी। दुष्मंथा चमीरा का यह केकेआर के लिए पहला मैच है। स्टार्क ने ही उन्हें डेब्यू कैप थमाई। चमीरा को टीम में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया था। वह पिछले सीजन लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा थे। तब गौतम गंभीर उस टीम के मेंटर थे। वही दुष्मंथा चमीरा को केकेआर में लेकर आए हैं।

**श्रेयस अय्यर ने बताया कारण**

टॉस के समय केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, इस बात की खुशी है कि टीम का हर सदस्य अपनी भूमिका निभा रहा है। कोलकाता की टीम में स्टार्क की जगह चमीरा को शामिल किया गया है। स्टार्क को पिछले मैच में उंगली में चोट लग गई थी। टीम की कोशिश यही होगी कि जीत का यह मोमेंटम जारी रहे।

**सबसे मंहगे खिलाड़ी है अय्यर**

बता दें कि मिचेल स्टार्क ने कोलकाता के लिए 7 मैच में 6 विकेट लिए हैं। उनका औसत 47.83 है और इकॉनमी 11.48 की है। उन्हें आईपीएल 2024 से दिसंबर में ऑक्शन के दौरान कोलकाता ने 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। दुष्मंथा चमीरा को कोलकाता ने 50 लाख में साइन किया है।

# बॉक्स ऑफिस पर एलएसडी 2 की हालत खस्ता, फिल्म दो और दो प्यार का भी डिब्बा गुल

एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2(एलएसडी 2) का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार था। दरअसल, पहले भाग लव सेक्स और धोखा ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया था, वहीं फिल्म की हटके स्टोरीलाइन ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया था, लेकिन इसकी दूसरी किस्त सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए तरस रही है।उधर विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार का हाल भी बेहाल है।आइए दोनों फिल्मों की कमाई जानें।

एलएसडी 2 ने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ दिया था। फिल्म ने महज 15 लाख रुपये से अपना खाता खोला था। उसके बाद फिल्म ने वीकेंड तक में दम नहीं भरा।5वें दिन यानी मंगलवार को भी इसने 8 लाख रुपये कमाए। फिल्म की चौथे दिन की कमाई भी इतनी ही थी। पिछली बार की तरह बेहिसाब बोल्ड दृश्यों के साथ लाई गई यह फिल्म भारत में अब तक 81 लाख रुपये का कारोबार कर पाई है।

इस वक?त दो और दो प?यार के लिए एकमात्र खुशी की बात यह है कि ये एलएसडी 2 से कमाई में आगे है, लेकिन यह एक ऐसी रेस बन गई है, जिसमें दोनों की ही बुरी तरह हार हुई है।शीर्षा गुहा ठाकुरता के निर्देशन में बनी दो और दो प?यार ने 5वें दिन 28 लाख रुपये कमाए। चौथे दिन इसने 25 लाख रुपये कमाए थे।फिल्म अब तक भारत में कुल 2 करोड़ 9 लाख रुपये जुटा पाई है।एलएसडी 2 3 कहानियों को एक साथ बुनती है। दूसरी किस्त का निर्देशन भी दिबाकर बनर्जी ने किया है। यह सोशल मीडिया को लेकर आज की पीढ़ी का पागलपन दिखाती है। फिल्म में परितोष तिवारी, बोनिता राजपुरोहित, अभिनव सिंह, स्वास्तिका मुखर्जी, मौनी रॉय और उर्फी जावेद जैसे कलाकार नजर आए हैं।

## शादी एक खूबसूरत मिलन, लेकिन बड़ी जिम्मेदारी है : मीरा देओस्थले

टीवी शो कुछ रीत जगत की ऐसी है में नंदिनी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस मीरा देओस्थले ने मैरिज इंस्टिट्यूशन पर अपनी राय पेश की। उन्होंने कहा कि यह खूबसूरत मिलन के साथ–साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मीरा ने कहा, मुझे लगता है कि शादी एक खूबसूरत मिलन है और एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक नए परिवार में आते ही एक महिला का जीवन बदल जाता है। मेरे किरदार नंदिनी के लिए, रतन्शी परिवार का हिस्सा होने का उत्साह बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे असहज तनाव छिपा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, नरेन के पिता हेमराज एक चेतावनी देते हैं, और रौनक की छिपी हुई हरकतें भ्रम को बढ़ा देती हैं।

# 11 जून से शुरू होगा बंगाल प्रो टी—20 लीग का घमासान

नई दिल्ली। क्रिकेट जगत में सफेद बॉल का खेल सबसे दिलचस्प माना जाता है फिर वहीं अगर मामला टी–20 का हो तो टीवी से लेकर तक सब जगह मामला हाउसफुल ही रहता है। इसी दिशा में क्रिकेट जगत ने एक कदम और बढ़ाया है जिसके चलते कोलकाता में 8 टीमें इस बड़े मंच पर भिडंत को तैयार हैं।

11 जून 2024 से शुरू हो रहे बंगाल प्रो टी20 लीग की नींव आईपीएल की तर्ज पर रखी गई है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में 8 फ्रेंचाइजी टीमें होंगी। यह टूर्नामेंट 11 जून से 28 जून तक खेला जाएगा। हालांकि, लीग के पहले दिन उद्घाटन समारोह के चलते शाम को केवल एक ही पुरुष मैच खेला जाएगा, जबकि महिलाओं का मैच अगले दिन से शुरू होगा और वहां से हर दिन दो मैच खेले जाएंगे। ईवी चार्जिंग और सौर ऊर्जा क्षेत्र में अपना लोहा मनवा चुकी सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड बंगाल प्रो टी20 लीग में भी डंका बजाने को तैयार है। वह एक टीम के फ्रेंचाइजी मालिक के रूप में इस लीग में भागीदारी करेगी। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड के मार्केटिंग हेड ऋषभ भाटिया कहते हैं, " हम बंगाल प्रो टी20 लीग के माध्यम से खेल क्षेत्र में प्रवेश करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हमारा यह कदम न केवल ईवी चार्जिंग और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि खेल जगत में प्रमुखता के साथ उभरने की हमारी आकांक्षा को भी स्पष्ट करता है।"

पुरुषों के मैच 11 जून को ईडन गार्डन्स में और महिलाओं के मैच 12 जून को जादवपुर यूनिवर्सिटी, सॉल्ट लेक कैंपस ग्राउंड में खेले जाएंगे। हर टीम एक–दूसरे के खिलाफ केवल एक बार ही खेलेगी। ईवी चार्जिंग और सौर ऊर्जा उद्योग में अग्रणी सर्वोटेक पावर सिस्टम्स इस लीग के माध्यम से खुद को न केवल ईवी चार्जिंग और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में अग्रणी के रूप में स्थापित करना चाहता है, बल्कि खेल क्षेत्र की किताब में भी एक प्रमुख अध्याय लिखने को तैयार है।

## एक नजर

### बद्रीनाथ विस उपचुनाव चुनाव में उतारेंगे प्रत्याशी : बॉबी

श्रीनगर गढ़वाल : बदरीनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव में बेरोजगार संघ प्रत्याशी उतारेगा। शुक्रवार को श्रीनगर में पत्रकार वार्ता करते हुए टिहरी लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी और बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने दावा किया कि लोस चुनाव में जनता का उन्हें भरपूर समर्थन दिया। बदरीनाथ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर बेरोजगार संघ से समर्थित प्रत्याशी को चुनावी मैदान में उतारने की बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों की नीतियों से अब जनता त्रस्त हो चुकी है। (एजेंसी)

### मोरारी बापू आज से करेंगे श्रीराम कथा

रुद्रप्रयाग : प्रख्यात कथा वाचक मोरारी बापू शनिवार से रुद्रप्रयाग के गुलाबराय मैदान में श्रीराम कथा सुनाएंगे। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पंडाल में हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। मुख्यालय स्थित गुलाबराय मैदान में 27 अप्रैल से 5 मई तक सत्य, प्रेम, करुणा की गंगा बहेगी। इसके लिए सभी तैयारियां कर दी गई है। मैदान में कथा पांडाल के अलावा दो अन्य पांडाल तैयार किए गए हैं। कथा संचालन से जुड़े साजिद कुमार ने बताया कि पहले दिन शनिवार को कथा शाम चार से सात बजे तक होगी। (एजेंसी)

### वनाग्नि सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

नई टिहरी : द हंस फाउंडेशन की ओर से वनाग्नि शमन एवं रोकथाम परियोजना के अंतर्गत जौनपुर ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज कैम्पटी में जागरूकता गोष्ठी और रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षकों, विभागीय कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। रैली निकालते हुए द हंस फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने कैम्पटी मुख्य बाजार में लोगों को वनाग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। कहा कि वन हमारे देश की संपदा है। इससे जहां पर्यावरण संरक्षण होता है वहीं यह हमारी आर्थिकी के भी मजबूत स्तंभ हैं। ऐसे में वनों को आग से बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ वन विभाग की नहीं बल्कि पूरे समुदाय की है। इसके बाद इंटर कॉलेज में आयोजित गोष्ठी में वन अग्नि रोकथाम और सुरक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अपने परिवार के अलावा गांवों में जाकर वनाग्नि से होने वाले नुकसान की जानकारी साझा करेंगे। इस मौके पर दिव्य ज्योति बिजल्वाण, रणजीत, धनपाल, सरोज रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### शिक्षा की बेहतरी पर जोर दिया

चमोली : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की ओर से मिशन कोशिश कार्यशाला जीआईसी नारायणबगड़ में हुई। मिशन कोशिश में दीवार पत्रिका, बहुभाषी प्रार्थना सभा, किचन गार्डन, बालशोध मेला, सामूहिक जन्मोत्सव पर जोर दिया गया। कार्यशाला में प्राथमिक विद्यालयों के 45, माध्यमिक विद्यालयों के 40 शिक्षक, शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के डायट मेंटर आरपी मैखुरी, सहयोगी संस्था अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से विवेक सोनी, मीनाक्षी, जीआईसी के प्रधानाचार्य बीएस नेगी, सीआरसी सतीश सिलोडी, रघुनाथ रावत, दर्शन गिरी, प्रशांत नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### आईआईटी का हिल कैंपस बनाने को सीएम को भेजा पत्र

नई टिहरी : टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने मुख्यमंत्री और तकनीकी शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोपावर संस्थान भागीरथीपुरम को आईआईटी रुड़की का हिल कैंपस बनाने के प्रस्ताव पर कार्रवाई की मांग की है। विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री को 12 जनवरी को इस संबंध में राज्य सरकार से प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन चार माह बीतने पर अभी तक इस ओर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं हो पाया है। उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी और तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने इस बाबत अपने स्तर से त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। कहा कि सरकार की नीति के अनुसार एक प्रदेश में एक ही आईआईटी स्थापित किया जा सकता है। ऐसे में आईआईटी रुड़की के हिल कैंपस की स्थापना टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज में की जानी जरूरी है। वहीं विधायक किशोर ने जिला अस्पताल बौराड़ी की सेवाओं में आशाजनक सुधार न आने पर चिंता जताई है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत को भेजे पत्र में बताया कि बीते वर्ष जून माह में पीपीपी मोड से हटने के बाद से अभी तक अस्पताल की सेवाओं में कोई खास सुधार नहीं आया है।

# सोलर प्लांट में लगी आग, करोड़ों का सामान जलकर हुआ खाक

### सतपुली से 12 किमी. दूर बेलपानी गांव के समीप लगा था सोलर प्लांट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सतपुली से 12 किमी. दूर बेलपानी गांव के समीप स्थित एक निजी कंपनी के सोलर प्लांट में आग लग गई। आग लगने का मुख्य कारण सोलर प्लांट के इंवर्टर में शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। आग से प्लांट में करोड़ों का नुकसान हो गया है।



बेलपानी गांव के समीप प्लांट में लगी आग

थानाध्यक्ष सतपुली दीपक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही थाना सतपुली से तत्काल पुलिस टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई तथा रेंजर, वन विभाग को सूचित किया गया। सभी टीमों ने स्थानीय लोगों की सहायता से पानी का टेंकर मंगवाकर आग पर काबू पाया गया। घटनास्थल में पहुंची पुलिस व वन विभाग की टीम समेत स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। आग की लपटें इतनी भयंकर थी कि कुछ ही मिनटों में सोलर प्लांट की बैटरियां जलकर खाक हो गई। आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने से वहां रखीं कई बैटरी व उसके चार्ज करने के लिए लगे पैनल आदि जलने से भारी नुकसान पहुंचा है। कंपनी को करोड़ों के नुकसान होने की बात कही जा रही है। प्लांट के ऊपर बसे ग्राम गादे, चमडल समेत अन्य गावों के ग्रामीणों को आग लगने का खतरा बन गया। आग लगाने के करीब दो घंटे बाद पौड़ी से फायरकर्मी भी राहत एवं बचाव कार्य हेतु मय उपकरण के मौके पर पहुंचे। सभी के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया। किसी जनहानि का होना नहीं पाया गया। आग लगने का कारण सोलर प्लांट के इनवर्टर में शॉर्ट सर्किट होना पाया गया।



स्कूटी के साथ पकड़ा गया चोर

# स्कूटी के साथ चोर गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** ग्रास्टगंज क्षेत्र से चोरी हुई स्कूटी के साथ पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को संतोष मैंदोला निवासी ग्रास्टनगंज, कोटद्वार ने तहरीर दी थी। तहरीर में बताया कि बीस अप्रैल को घर के बाहर खड़ा उनका स्कूटर चोरी कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी दिव्यम ठाकुर निवासी चकराता बाजार, निकट हनुमान मन्दिर, जनपद देहरादून को बीईएल पुल कोटद्वार के पास से चोरी के स्कूटर के साथ गिरफ्तार किया।

# श्री जयदयाल संस्कृत विद्यालय के सक्षम मेरिट में रहे दूसरे स्थान पर

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद उत्तराखंड की पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) और उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (इंटरमीडियट) की परीक्षा में श्री जयदयाल अग्रवाल संस्कृत श्रीनगर के दो छात्रों ने प्रदेश सूची में अपना स्थान बनाया है। पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) परीक्षा में श्री जयदयाल अग्रवाल संस्कृत श्रीनगर के सक्षम प्रसाद ने प्रदेश में दूसरी रैंक प्राप्त की है। सक्षम ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप-10 में जगह बनाई, जबकि उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (इंटरमीडियट) के शुभम पाण्डेय ने प्रदेश में चौथी रैंक प्राप्त की है। शुभम ने 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। छात्रों के प्रदर्शन कर शिक्षकों और परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। शुभम पाण्डेय ने इससे पहले हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। विकासखंड खिर्सू के अंतर्गत चढ़ीगांव के रहने वाले शुभम पाण्डेय ने शुरू से ही संस्कृत से भविष्य बनाने की इच्छा से चार साल पहले श्री जयदयाल अग्रवाल संस्कृत श्रीनगर में कक्षा 9 में प्रवेश लिया। शुभम संस्कृत में शास्त्री की पढ़ाई जारी रखते हुए शिक्षक बनना चाहते हैं। शुभम के पिता डोभ श्रीकोट में परचून की दुकान चलाते हैं व मां गृहिणी हैं। हाईस्कूल के टॉपर शुभम ने बताया कि वह अभी आगे की पढ़ाई जारी रखेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद सकलानी ने बताया कि इंटरमीडिएट और हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। छात्रों ने परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों के प्रदर्शन पर संगीता भट्ट, सुनील प्रसाद फोन्दणी, गिरीश चंद्र डिमरी, द्वारिका प्रसाद कपरवाण, दीपक राज नौटियाल, हरीश प्रसाद पैन्यूली, मुकेश प्रसाद आदि ने खुशी जाहिर करते हुए छात्रों को शुभकामनाएं दीं। (एजेंसी)

# शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए गुरुजनों को किया सम्मानित

### पर्यावरणविद् डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि कोटद्वार :** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से शिक्षक सम्मान समारोह- 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 35 शिक्षकों को बतौर मुख्य अतिथि पद्मभूषण, पद्मश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने सम्मानित किया।बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस कालेज के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह का बतौर मुख्य अतिथि डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, संस्थान के एमडी बीएस नेगी, ईडी अजयराज नेगी, डायरेक्टर एडमिन ले. कर्नल बीएस गुसाईं ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने डॉ. अनिल प्रकाश जोशी को सम्मानित



कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते पद्मभूषण, पद्मश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी

किया। कालेज की एसिस्टेंट प्रोफेसर सपना रौथाण ने डॉ. अनिल प्रकाश जोशी का जीवन परिचय देकर मौजूद दर्शकों को उनके व्यक्तित्व से रुबरु कराया। वहीं मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. अश्वनि शर्मा ने दर्शकों को आईएचएमएस कालेज की सफल यात्रा की जानकारी दी। अपने संबोधन में डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। यही कारण है कि गुरु और शिष्य की परंपरा अब विलुप्त होने कगार पर है। उन्होंने शिक्षकों को समाज का आईना बताते हुए गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. जोशी ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए छह प्रधानाचार्यों और विभिन्न सरकारी-गैर सरकारी विद्यालयों में बेहतर शिक्षा दे रहे 29 शिक्षकों को प्रशस्तिपत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर एडमिन डॉ. सुनील कुमार, पीआरओ नरेश थपलियाल, एडमिशन इंचार्ज विजय पंत, मोनिका वेदवाल, अजय रावत, फरहद जहां समेत संस्थान के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

#### यह शिक्षक हुए सम्मानित

प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल, प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, प्रधानाचार्य वंदना भारद्वाज, प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह रावत, प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल, प्रधानाचार्य मुकेश रावत, शिक्षक अनीता बिष्ट, अंकित पंत, अरुण कुमार, अशीष तिवारी, बबीता ध्यानी, भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह नेगी, इंद्रमणी, जितेंद्र सिंह खत्री, ललीता थलेड़ी, ममता पोखरियाल, मंजू गुसाईं, मोहित, रमा हिंदवाण, नीरजा गौड़, नितेश कुमार, पवन कुमार देवरानी, प्रशांत तिवारी, राजेश कुकरेती, रविंद्र भारद्वाज, रीता विक्रांत, साक्षी बिड़ला, सविता काला, सुदीप कुमार जखवाल, सुजाता नेगी, सुनील कुमार, सुनील सिंह रावत, स्वाती रावत, टीना गुप्ता और सपना रौथाण को सम्मानित किया गया।

# कला एवं वाणिज्य संकाय रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर संकाय प्रतियोगिता वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सामूहिक रूप से कला एवं वाणिज्य संकाय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य जानकी पंवार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान सामूहिक रूप से कला एवं वाणिज्य संकाय, द्वितीय स्थान विज्ञान संकाय व तृतीय स्थान शिक्षा संकाय को प्राप्त हुआ। अंतर संकाय चैंपियनशिप सामूहिक रुप से कला एवं वाणिज्य संकाय को प्राप्त हुई।



महाविद्यालय में अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करती प्राचार्य

मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार का स्वागत पुष्पगुच्छ, बैज अलंकरण करके किया गया। साथ ही मंचासीन महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. एमडी कुशवाहा, प्रो. आरएस चौहान, डॉ. जुनिश कुमार का भी बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। छात्र संघ प्रभारी डॉ. डीएस चौहान, छात्रसंघ अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, सचिव रोहित प्रजापति, कोषाध्यक्ष स्वाति गैरोला को भी मंच पर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की गई। सत्र 2022-23 की स्नातक द्वितीय चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर एनएसएस इकाई की संयोजक डॉ. सरिता चौहान, डॉ. सुषमा थलेडी, डॉ. डीएस चौहान, आशा देवी, आदेश कुमार, बीडी शाह, प्रीति रानी, डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. नंदी, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. संजीव, डॉ. विनोद सिंह, संदीप किमोठी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने दर्ज किया धोखाधड़ी का मुकदमा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कमेटी के नाम पर लोगों के पैसे लेकर फरार होने वाले कपड़ा व्यापारी व उसके पांच साथियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार व्यापारी की तलाश में जुट गई है। मामले में कुछ दिन पूर्व कौड़िया वासियों ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि मनोज कंसल क्षेत्र में कमेटी का कार्य करता है। जिस पर भरोसा कर कई लोगों ने उसके पास कमेटी जमा करवाई थी। आरोप था कि अब आरोपी अपना मकान व दुकान बेचकर करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गया है। पीड़ितों ने उसका पता करना चाहा लेकिन, उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। साथ ही उसका मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि हरसिंहपुर निवासी दीपक कुमार सहित अन्य पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी व्यापारी मनोज कंसल और उसके साथियों सुनील कर्णवाल, लवली, ईश्वरदास बंसल, अनूप बंसल और लक्की के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# गर्मी शुरू होते ही गहराने लगा पेयजल संकट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गर्मी शुरू होते ही शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हर साल गर्मियों के सीजन में उपभोक्ताओं को पेयजल किल्लत से जूझना पड़ता है। लोगों का कहना है कि प्रशासन से शहर में पेयजल की समस्या को हल करने के लिए कार्य योजना बनाने की कई बार मांग की जा चुकी है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

शुक्रवार को शहर के लोअर बाजार, न्यू कालोनी, धारा रोड आदि क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पाई। जिससे उपभोक्ताओं को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। उपभोक्ता सतीश, आदित्य आदि का कहना है कि हर साल गर्मी शुरू होते ही पेयजल किल्लत शुरू होने लगती है। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, कोट, कल्जीखाल, ल्वाली आदि क्षेत्रों में जल संस्थान टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कर रहा है। जल संस्थान के सहायक अभियंता सोहन सिंह जेठूडी ने बताया कि बारिश नहीं होने से नानघाट पेयजल योजना का स्रोत सूखने लगा है। जिससे यहां पर दो में से एक ही पंप संचालित हो पा रहा है। स्रोत सूखने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। बताया कि कोट, कल्जीखाल, ल्वाली आदि क्षेत्रों में पेयजल किल्लत वाले क्षेत्रों में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

# जिले में 9 केंद्रों पर होगी प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** प्रयोगशाला सहायक उच्च शिक्षा (समूह-ग) की लिखित परीक्षा 2023 के लिए जनपद में तैयारियां पूरी हो गई हैं। 27, 28 एवं 29 अप्रैल 2024 को परीक्षा के लिए 09 केंद्र बनाए गए हैं। उप जिलाधिकारी आशीष चन्द्र घिल्डियाल ने आदेश जारी कर बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में धारा-144 प्रभावी रहेगी। 27 अप्रैल, 2024 को (प्रथम सत्र) पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 11 बजे तक तथा (द्वितीय सत्र) अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक एवं दिनांक 28 एवं 29 अप्रैल, 2024 को (प्रथम सत्र) 9 बजे से 12 बजे तक एवं (द्वितीय सत्र) अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा अवधि में धारा-144 प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा केंद्रों के बाहर व भीतर अनुशासनहीनता, धमकी, मारपीट तथा घातक आक्रमणों जैसी घटनाओं के साथ ही परीक्षार्थियों को अनुचित साधन के प्रयोग आदि के मध्यनजर जनपद रुद्रप्रयाग के परीक्षा केंद्र में धारा-144 को प्रभावी किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा अवधि में उक्त परीक्षा केंद्र में धारा-144 प्रभावी रहेगी तथा उल्लंघन करने पर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अटल उत्कृष्ट सच्चिदानन्द राजकीय इण्टर कालेज रुद्रप्रयाग, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग, एमजीजी सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कालेज बेलनी रुद्रप्रयाग, श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल तिलणी रुद्रप्रयाग, राजकीय इण्टर कालेज रतूड़ा, स्व. हरिदत्त बेंजवाल अटल उत्कृष्ट राइका अगस्त्यमुनि, एबीपी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि, अनूप नेगी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुलाबराय रुद्रप्रयाग, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि में परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### जंगलों में बढ़ रही आग की घटनाएं, लोग परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** गर्मी बढ़ने के साथ ही जंगलों में आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। आग के कारण वन संपदा को काफी नुकसान हो रहा है। वहीं जंगलों में आग लगने से आसपास के क्षेत्र में धुंध फैलने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार रात घोड़ीखाल, कठूली, केवर्स गांव के जंगल जलते रहे। हालांकि, वन विभाग के कर्मचारी आग बुझाने में जुटे रहे। लेकिन आग तेजी से फैल रही है। शुक्रवार को भी कठूली गांव के पास जंगल धधकते रहे। वन विभाग ने जाखाल के जंगलों में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सिविल और सोयम वन प्रभाग के रेंजर मनोज रावत ने बताया कि जंगलों में आग लगने की सूचना मिलते ही क्षेत्रों में टीमों को भेजा जा रहा है। कहा कि वन संपदा और जीवों की सुरक्षा के लिए विभाग मुस्तैदी से काम कर रहा है।

# चुनाव हरवाने के लिए भाजपा कर सकती है ईवीएम मशीन से छेड़छाड़

### कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बोले कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे गणेश गोदियाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह घमंड में है। ऐसे में वह चुनाव जीतने के लिए ईवीएम मशीनों के साथ भी छेड़छ-ाड़ कर सकते हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हमें कुछ माह पूर्व चंड़ीगढ़ में हुए मेयर चुनाव में भी देखने को मिला है। कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग ने जिस परिसर में ईवीएम मशीनें रखी हैं उसे पूरी तरह सीज करने की मांग की है। वर्तमान में परिसर के भीतर केंद्रीय सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन, केंद्रीय सुरक्षा बल भी गृह मंत्रालय के अंडर में आता है। जिसके मंत्री स्वयं अमित शाह हैं।



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते गणेश गोदियाल

कोटद्वार पहुंचे गणेश गोदियाल ने कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य गढ़वाल का बेहतर विकास है। और इसी लक्ष्य के साथ मैं जनता के बीच पहुंचकर उनकी सेवा में जुटा हुआ हूं। लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने जनता से स्वयं के कार्यों को देख मतदान करने की अपील की थी। भाजपा ने केवल गढ़वालवासियों को झूठे सपने ही दिखाए। आज मोदी एक समुदाय द्वारा जनसंख्या वृद्धि की बात कहते हैं। लेकिन, वह पिछले दस वर्षों में एक जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं लेकर आ सके। चुनाव में उन्हें गढ़वाल क्षेत्र का जनता का पूरा सहयोग मिला। लेकिन, उन्हें लगता है कि ईवीएम के साथ गड़बड़ी हो सकती है। ईवीएम परिसर को सीज करने की मांग उठाई है। कहा कि वर्तमान में परिसर में केंद्रीय सुरक्षा कर्मी अपने ड्यूटी दे रहे हैं। लेकिन, केंद्रीय सुरक्षा बल गृह मंत्रालय के अंडर में आता है और इसके मंत्री अमित शाह हैं। ऐसे में गड़बड़ी से इंकार नहीं किया जा सकता। कहा कि उन्हें किसी भी पद का लालच नहीं है। फिर चाहे मुख्यमंत्री का ही पद क्यों न हो कांग्रेस में मुझसे पहले मुख्यमंत्री के लिए कई बड़े नेता हैं। कहा कि वह उत्तराखंड में भू-कानून व मूल निवास की भी पैरवी करते हैं।

# बच्चों को दी शिक्षण सामग्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड लोकसाहित्य एवं सांस्कृतिक मंच की ओर से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लालपानी में विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस दौरान संस्था ने अन्य संस्थाओं से भी बच्चों के हित में आगे आने की अपील की।

कार्यक्रम में सौ विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री दी गई। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड लोकसाहित्य एवं सांस्कृतिक मंच लगातार समाज सेवा में अपना योगदान दे रहा है।

इसी के तहत बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में मदद की जाती है। इस मौके पर प्रधानाचार्य वंदना भारद्वाज, केपी खंतवाल, अजयपाल सिंह रावत, विजय माहेश्वरी, जनार्द्धन प्रसाद ध्यानी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रवक्ता निधि रावत ने किया।



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व अन्य

### भद्रराज मेला 6 मई को

नई टिहरी : इस साल भी जौनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत तेवा के अंतर्गत ढाणा बाजार में आहुत होने वाला भद्रराज मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। मेला समिति के अध्यक्ष मुकेश रावत ने बताया कि इस साल भद्रराज मेले की तिथि 6 मई घोषित की गई है। कहा कि मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शिरकत करते हैं। इसके अलावा थत्यूड़ सहित बाहरी जिलों से दुकानदार अपने-अपने स्टॉल लगाकर सामान बेचते हैं। उन्होंने डीएम मयूर दीक्षित को पत्र भेजकर मेला में बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था करने, सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने लोनिवि थत्यूड़ से बाजार को जाने वाली सड़क की मरम्मत, पैचवर्क कराने और वाहनों के लिए समुचित मात्रा में अस्थाई पार्किंग बनाने की अपील की है। (एजेंसी)


**श्री श्याम मित्र मण्डल समिति (रजि.)**

**कार्यालय : कौड़िया कैंप, नजीबाबाद रोड, कोटद्वार, उत्तराखण्ड**

पत्रांक.......... दिनांक......................

**विज्ञप्ति**

श्री श्याम मित्र मण्डल समिति, कोटद्वार (रजि0) द्वारा एक मीटिंग जिसकी अध्यक्षता संरक्षक श्री रतन अग्रवाल द्वारा बुलाई गई, जिसमें सचिव श्री मनोज कंसल (सोनू) द्वारा समिति एवं समाज के विरूद्ध कार्य किया गया। जिसके कारण समिति द्वारा सर्वसम्मिति से सचिव श्री मनोज कंसल (सोनू) को बर्खास्त किया गया।

**(नीरज गुप्ता)** कोषाध्यक्ष, श्री श्याम मित्र मण्डल समिति, कोटद्वार

**(सुनील कण्डवाल)** अध्यक्ष, श्री श्याम मित्र मण्डल समिति, कोटद्वार

(0127/21)

## एक नजर

### चमोली में 17 केंद्रों पर होगी प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा 27, 28 एवं 29 अप्रैल को प्रयोगशाला सहायक (समूह ग) भर्ती परीक्षा 2023 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए जनपद में 17 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना के आदेशों के क्रम में जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु परीक्षा केन्द्र की 200 मीटर की परिधि में दिनांक 27 अप्रैल प्रातः 7 बजे से 29 अप्रैल सायं 5 बजे तक धारा 144 लागू रहेगा। इस दौरान परीक्षा केन्द्र की 200 मीटर की परिधि के अन्तर्गत 5 से अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्रित होने, जुलूस, झांकी, प्रदर्शन व लाउडस्पीकर के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा एवं प्रिंट एवं फोटो स्टेट की दुकाने पूर्णतया बंद रहेंगी। परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार का साहित्य, प्रेस नोट, पम्पलेट, पोस्टर बैनर आदि न लगाए जाएंगे और ना ही बांटे जाएंगे। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन,पेजर, पाठय सामग्री ले जाने के अनुमति नहीं होगी।

### रेस्टोरेंट में हुए मामूली विवाद में फायर झोंका

देहरादून। पुरकुल क्षेत्र के एक रेस्टोरेंट में देररात मामूली विवाद में युवक ने फायर झोंक दिया। पुलिस के आने की सूचना पर आरोपी तमंचा छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। रायपुर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि गुरुवार रात कुछ युवक पुरकुल रोड स्थित एक रोस्टोरेंट में गए थे। आरोप है कि इस दौरान रेस्टोरेंट मालिक के साथ उनका किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान कार में बैठे एक युवक ने फायर झोंक दिया। गनीमत यह रही की इससे कोई घायल नहीं हुआ। आरोपियों ने रेस्टोरेंट मालिक, मैनेजर और स्टाफ के साथ मारपीट की। स्टाफ ने सूचना पुलिस को दी, लेकिन इससे पहले आरोपी तमंचा छोड़कर फरार हो गए। आरोप है कि जाते वक्त उन्होंने रेस्टोरेंट मालिक को जान से मारने की धमकी दी। भट्ट ने बताया कि मामले में गौरव कपूर निवासी ट्रांसपोर्टनगर मेरठ उत्तर प्रदेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक तमंचा और दो जिंदा करतूस बरामद किए हैं।

### श्रीराम कथा का आयोजन 28 अप्रैल से

देहरादून। श्री राम कथा यज्ञ समिति की ओर से 28 अप्रैल से 5 मई तक हिन्दू नेशनल इण्टर कॉलेज लक्ष्मण चौक में दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जायेगा। प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान समिति के प्रधान सुकेश अग्रवाल ने ये जानकारी दी। सुकेश अग्रवाल ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध कथा व्यास संत प्रवर विजय कौशल प्रतिदिन शाम चार से सात बजे तक श्रीराम कथा पाठ करेंगे। कथा शुरु होने से पहले 28 अप्रैल को सुबह श्री श्याम सुन्दर मंदिर पटेल नगर से 301 महिलाओं के साथ घूमधाम से कलश यात्रा निकाली जायेगी। इसी के साथ 29 अप्रैल से 5 मई तक प्रतिदिन शाम को सात से साढ़े आठ बजे तक विजय कौशल महाराज के सानिध्य में हवन किया जायेगा। प्रेस वार्ता में समिति के कार्यकारी प्रधान अश्वनी अग्रवाल, महामंत्री गोविन्द मोहन, वरिष्ठ उप प्रधान प्रमोद मित्तल एवं ललित अदलखा, कार्यक्रम के संयोजक विवेक गोयल, अनुज अग्रवाल, नीरज गोयल, भूपेन्द्र चढ्ढा और उमा नरेश तिवारी भी मौजूद रहे।

### शोरूम में आग लगाने के मामले में केस दर्ज

देहरादून, पलटन बाजार में कपड़ा कारोबारी के शोरूम में आग लगाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। इधर, व्यापार नेताओं के साथ ही राजनैतिक दलों ने भी अग्निकांड को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने साजिश के खुलासे की मांग की है। नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद्र भट्ट ने बताया कि नवनीत राजवंशी निवासी पलटन बाजार ने तहरीर दी कि उनका पलटन बाजार में कपड़ों का शोरूम हैं। बुधवार रात एक बजे किसी ने शोरूम में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। बताया कि सीसीटीवी कैमरों की जांच में एक व्यक्ति पेट्रोल डालकर आग लगाता दिख रहा है। उन्होंने बताया कि आग लगने से उन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। गल्ले में रखी 50 हजार रुपये की नकदी और फर्नीचर भी जलकर राख हो गया। भट्ट ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इधर, महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने पलटन बाजार में हुई आगजनी की घटना को लेकर देहरादून में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर सवाल उठाए हैं।

# यात्रा मार्ग में जाम से मिलेगी निजात, 11 स्थानों बन रही नई पार्किंग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने बताया कि श्री केदारनाथ यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित करने के लिए यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक संबंधित विभागों द्वारा अपनी-अपनी तैयारियां एवं व्यवस्था तत्परता से की जा रही हैं। जिससे कि केदारनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग में जाम की स्थिति न हो इसके लिए इस वर्ष रुद्रप्रयाग से गौरीकुण्ड तक 11 स्थानों को चिन्हित करते हुए नई पार्किंग तैयार की जा रही है, जिसमें लगभग 460 वाहनों की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी पार्किंग के लिए एक ऐप विकसित किया जा रहा है जिसके माध्यम से क्षमता के अनुसार वाहनों को निर्धारित पार्किंग पर रखने की कार्यवाही की जायेगी।



जनपद में प्रमुख पर्यटन मार्गों पर स्थित सरकारी एवं अर्द्धसरकारी भवनों की दीवारों तथा आवश्यक स्थानों पर वाल पेंटिंग/म्यूरल, अध्यात्म से जुड़े स्लोगन आदि बनाकर खूबसूरत बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के पंजीकरण हेतु रोस्टर के अनुसार पूर्ण जांच के उपरान्त कार्यवाही की जा रही है। यात्रा में घोड़े-खच्चरों की पहचान सुनिश्चित किये जाने हेतु डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है। पैदल यात्रा मार्ग में समुचित प्रकाश व्यवस्था के लिए उरेडा के माध्यम से 200 सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित की जा रही है, जिससे रात्रि के समय में भी यात्रियों को प्रकाश की व्यवस्था उपलब्ध हो सके। यात्रियों की सुविधा हेतु यात्रा मार्ग में सुलभ शौचालय की व्यवस्था की गयी है, नगर पालिका रुद्रप्रयाग में 02, नगर पंचायत तिलवाडा मे 02 नगर पंचायत अगस्त्यमुनि मे 02 तथा सुलभ द्वारा सीतापुर पार्किंग के समीप 05 सीटर तथा केदारनाथ में 50 सीटर हाईटेक शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। सुलभ द्वारा यात्राकाल हेतु गवनी गांव, कुण्ड,फाटा, दगड्या बैरियर तथा सीतापुर पार्किग मे चार मोबाइल टॉयलेट स्थापित किये जा रहे है। रुद्रप्रयाग, तिलवाडा एवं अगस्त्यमुनि क्षेत्रान्तर्गत तथा गौरीकुंड से केदारनाथ पैदल मार्ग पर केदारनाथ के लोगो युक्त बैलून लाइट स्थापित की जा रही है। पर्यटन विभाग द्वारा सीतापुर की बड़ी वाहन पार्किंग में 31 एवं छोटी वाहन पार्किंग में 10 कियोस्क दुकानों एवं जिला पंचायत द्वारा सोनप्रयाग पार्किंग क्षेत्र में 36 कियोस्क दुकानों की स्थापना का कार्य किया जा रहा है। यात्रा मार्ग पर कुंड से सोनप्रयाग तक कूड़े की सफाई हेतु जिला पंचायत के माध्यम से दो वाहन संचालित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए डेयरी विभाग के माध्यम से गिवाड़ी गांव, काकड़ागाड, गुप्तकाशी, नारायणकोटी, ब्यूंगगाड़, सोनप्रयाग में आंचल के कैफे, मिल्क बूथ एवं मोबाइल मिल्क वैन स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही सोनप्रयाग त्रियुगीनारायण मार्ग पर घोड़े-खच्चरों एवं हॉकरों हेतु शेड तथा डोरमेट्री का निर्माण किया जा रहा है। हेली सेवाओं के संचालन एवं समस्या निदान हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा अपने-अपने स्तर पर यात्रा को लेकर सुविधा एवं व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं।

# फायर कर बुजुर्ग पर हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। प्रेमनगर में घर में घुसकर फायर झोंकने और बुजुर्ग पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर पूर्व में कई मुकदमें दर्ज हैं। वहीं, फरार चल रहे दो आरोपियों की तलाश जारी है। प्रेमनगर थानाध्यक्ष गिरीश नेगी ने बताया कि 17 अप्रैल को कनिका शर्मा निवासी डूंगा थाना प्रेमनगर ने मामले में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि 16 अप्रैल की रात चार बदमाश चोरी के इरादे से खड़की तोड़कर उनके घर में घुसे। उनके पिता की नींद खुली और उन्होंने विरोध किया। आरोप था कि बदमाशों ने फायर झोंकते हुए, उनके सिर पर तमंचे के बट से हमला किया। परिजनों के शोर मचाने पर बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना के दूसरे दिन एसएसपी अजय सिंह ने खुद मौका मुआयना किया और अधिनस्थों को कार्रवाई के निर्देश दिए। नेगी ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल के आसपास करीब 130 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जांच में चार लोग संदिग्ध पाए गए। पुलिस ने गुरुवार रात मुख्य आरोपी रुकसान उर्फ सैफ अली उर्फ टांका पुत्र सुलेमान, रहीम पुत्र जहीद दोनों निवासी ग्राम कुंजाग्रांट विकासनगर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। नेगी ने बताया कि मुसर्रत उर्फ छोटा पुत्र अख्तर और अहकाम पुत्र इरफान की तलाश की जा रही है।

**रुकसान पर एक दर्जन मुकदमे**

पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी रुकसान पर गैंगस्टर समेत विभिन्न धाराओं में एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। जबकि मुसर्रत थाना विकासनगर का हिस्ट्रीशीटर है। रुकसान की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला नकब, एक लोहे रौड़ को घटनास्थल के पास जंगल से बरामद किया गया।

# मसूरी में पानी संकट से निपटने के लिए कार्ययोजना बनाई

देहरादून। मसूरी के विभिन्न हिस्सों में पानी के संकट से निपटने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। एसडीएम दीपक सैनी ने इसे लेकर जल संस्थान और जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मांग के अनुरूप पानी की सप्लाई करने और पेयजल संकट प्रभावित इलाकों में पानी की सप्लाई का समय बढ़ाने के निर्देश दिए।शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में हुई बैठक में जानकारी दी गई कि जल निगम से चार एमएलडी पानी जलसंस्थान को दिया जा रहा है। अभी साढ़े 11 एमएलडी पानी उपलब्ध है जबकि सीजन में 14 एमएलडी पानी की जरूरत पड़ती है। इसके लिए जल निगम और जल संस्थान से आपस में तालमेल बना कर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि शिव कालोनी की पानी की समस्या का समाधान करने के लिए जल संस्थान को दो समय जो पानी दिया जाता है उसका समय बढाने को कहा गया है। वहां पर पांच स्टैण्ड पोस्ट हैं जिसमें अब दोनों समय पहले से अधिक समय तक पानी दिया जायेगा। वहीं, बालीगंज में जो पानी की समस्या प्रेशर कम होने की थी उसका समाधान कर दिया गया है। लंढौर क्षेत्र में पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## रीजनल पार्टी ने जिला और वार्ड प्रभारी नियुक्त किए

देहरादून। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने कुछ जिलों और वार्डों में निकाय प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। शिव प्रसाद सेमवाल को टिहरी और राजेंद्र पन्त को चम्पावत का जिला निकाय प्रभारी नियुक्त किया गया है। देहरादून में पार्टी की शुक्रवार को हुई बैठक में इसका निर्णय लिया गया। इसके आधार पर सुलोचना ईष्टवाल को पौड़ी, संजय डोभाल को परवादून/ऋषिकेश, आशीष उनियाल हरिद्वार, प्रमोद डोभाल को डोईवाला विधानसभा का जिला निकाय प्रभारी बनाया गया है। पदमा रौतेला को संपर्क प्रभाग प्रभारी निकाय चुनाव बनाया गया है। इसी प्रकार जितेंद्र थपलियाल को निकाय चुनाव प्रभारी नगर पंचायत घनसाली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोविंद सिंह अधिकारी को वार्ड पांच और 13, प्रवीण कुमार को वार्ड नंबर 60, सुरेश पाल को वार्ड 66, सत्येंद्र कुमार शर्मा वार्ड नंबर 66 देहरादून महानगर का प्रभारी बनाया गया है।

# जंगलों में आग लगाने वालों पर वन विभाग की सख्त कार्रवाई

## जंगल में आग लगाने वाले तीन लोगों को भेजा जेल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जनपद में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग लगातार प्रयासरत है। विभाग ने जंगल में वनाग्नि को बुझाने के लिए अलग-अलग टीमें गठित की हैं। वहीं आग लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। शुक्रवार को तीन लोगों को जंगल में आग लगाने पर मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



प्रभागीय वनाधिकारी, रुद्रप्रयाग के नेतृत्व में गठित वनाग्नि सुरक्षा दल द्वारा नरेश भट्ट पुत्र मोलाराम भट्ट को जंगल में आग लगाते हुए तडियाल गांव, तहसील जखोली से मौके पर पकड़ा गया। अभ्युक्त का कहना है कि बकरियों को नयी घास हेतु उसने जंगल में आग लगायी। मौके पर वन क्षेत्राधिकारी, दक्षिणी जखोली द्वारा अपराधी को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी तथा भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत वन अपराध दर्ज किया गया। वहीं उत्तरी जखोली के डंगवाल गांव में हेमन्त सिंह पुत्र उदय सिंह एवं भगवती लाल पुत्र चंदरू लाल को जंगल में आग लगाते हुए मौके पर पकड़कर जेल भेजा गया। प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग अभिमन्यु ने बताया कि जंगल में आग लगाने वाले अपराधियों के विरुद्ध वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अपराध दर्ज कर दण्डित किया जाएगा। अपराधियों को पकड़ने के लिये प्रभाग स्तर पर वनाग्नि सुरक्षा दल गठित किया गया है। अभी तक इस वर्ष कुल 19 मुकदमें दर्ज किये गये है, जिसमें से 3 मुकदमें नामजद है तथा 16 मुकदमों में जांच गतिमान है। वनाग्नि क्रू-स्टेशन एवं मोबाईल क्रू-स्टेशन के द्वारा वनाग्नि नियंत्रण किया जा रहा है साथ ही उडनदस्ता दल द्वारा समस्त रेंजों में सेटेलाईट, कैमरों एवं दूरबीन के माध्यम से अपराधियों को पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। वनाग्नि रोकथाम वन विभाग के प्रयासों के साथ-साथ जन सहभागिता एवं जनभागीदारिता आवश्यक है।

वनाग्नि सुरक्षा दल में उप प्रभागीय वनाधिकारी देवेन्द्र सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी पवन नेगी, उप प्रभागीय वनाधिकारी मोहन सिंह, उप वन क्षेत्राधिकारी दक्षिणी जखोली केसी नैनवाल, वन आरक्षी सुरजन सिंह नेगी तथा अन्य सदस्य मौजूद थे।

# वनाग्नि घटनाओं की रोकथाम के लिए गंभीरता से कार्य करें अफसर : डीएम

## अधिकारी जंगलों में आग लगने की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दें

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : वनाग्नि घटनाओं की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में बैठक ली। उन्होंने उपजिलाधिकारी, वन विभाग, राजस्व व खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी बनाने के निर्देश दिये हैं। कहा कि जंगलों में आग लगने की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम में देना सुनिश्चित करें। कहा कि जो व्यक्ति आग लगाने वाले व्यक्तियों की सूचना किसी अधिकारी या कंट्रोल रूम को देता है उनका नाम गोपनीय रखा जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस डीसीआर, आपदा कंट्रोल रूम व वन विभाग के कंट्रोल में तैनात कार्मिक समन्वय से कार्य करें। कहा कि ग्राम प्रहरियों की जिम्मेदारी गांव के आसपास आग लगने की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को देना होगा।



शुक्रवार को वनाग्नि रोकथाम की बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को प्रतिदिन वनाग्नि की रिपोर्ट कंट्रोल रूम को देने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में आग लगने की सूचना प्राप्त होती है उस क्षेत्र में आग लगाने वाले व्यक्तियों पर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने वनाग्नि की रोकथाम के लिए समस्त उपजिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है। कहा कि वनाग्नि घटनाओं पर निरंतर रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी बनाये रखें। उन्होंने कहा कि वन विभाग, आपदा व पुलिस विभाग अपने-अपने कंट्रोल रूमों को सक्रिय रखें तथा आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही संबंधित क्षेत्र के अधिकारी को तत्काल उसकी सूचना दें। जिससे उस क्षेत्र में वनाग्नि घटनाओं को रोका जा सकेगा। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षाधिकारी को सख्त निर्देश दिये हैं कि ऐसे विद्यालय जिनका रास्ता जंगलों से होते हुए गुजरता है उन स्कूलों की सूचना तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों के आसपास आग लगने की सूचना मिलती है तो ऐसे विद्यालयों में अवकाश समय पर देना सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के खंड स्तरीय अधिकारियों को ऐसे क्षेत्रों में निरंतर निगरानी बनाने, विद्युत विभाग को आग से बचाने के लिए विद्युत ट्रांसफार्मरों की सेफ्टी करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सभी थाना व अन्य अधिकारियों को वनाग्नि घटनाओं के प्रति सक्रिय रहने को कहा। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर वनाग्नि घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि जंगलों में आग लगाने वाले व्यक्तियों की सूचना देने के लिए टोल फ्री नम्बर 18001804141 पर शिकायत कर सकते हैं, शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जायेगा। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, प्रशिक्षु आईएएस दीक्षिका जोशी, डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्ध, डीएफओ सिविल एवं सोयम प्रदीप कुमार धोलाकंड़ी, उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा, चौबट्टाखाल अनिल चिन्याल, एसीएमओ डॉ. पारूल सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

# जीरो टॉलरेन्स नीति अपनाते हुए नशा तस्करों पर करें कड़ी कार्यवाही: एसएसपी पींचा

अल्मोड़ा। एसएसपी अल्मोड़ा देवेन्द्र पींचा ने जनपद के अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी की। बैठक में एसएसपी ने अपराधों की समीक्षा कर लंबित विवेचनाओं, शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को आयोजित अपराध गोष्ठी से पूर्व एसएसपी ने कर्मचारी सम्मेलन में सभी थाना, चौकी व शाखाओं से आए सभी अधिकारियों, कार्मिकों का सम्मेलन लेकर बताई गई समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। एसएसपी ने जनपद पुलिस के सभी अधिकारी, कर्मचारीगणों को जनता के साथ शालीन व्यवहार करने की हिदायत दी। एसएसपी ने जनपद के समस्त थानों में दर्ज अपराधों, अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही एवं अपराधों के निस्तारण, लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की। न्यायालय में अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए गुणवत्तापूर्ण विवेचना किए जाने हेतु उपस्थित विवेचकों का मार्गदर्शन कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। लम्बित शिकायतों का निस्तारण, लम्बित माल मुकदमाती के निस्तारण, समन, नोटिस व वारंटों की शत प्रतिशत तामीली, जनजागरुकता, नाबालिगों व महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्यवाही, अभियोगों में वांछित, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, साईबर फ्रॉड से सम्बन्धित मामलों में गंभीरता से शीघ्र कार्यवाही हेतु सख्त निर्देश दिए गए। महिला सुरक्षा के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारी अपने–अपने थाना क्षेत्र के स्कूल, कॉलेजों के खुलने व बंद होने के समय पुलिस गश्त भेजने को निर्देशित किया।

# कालातीत हो चुकी दवाइयों को करें नष्ट

बागेश्वर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिले में विधिक प्राधिकरण के तत्वावधान में ऑनलाइन बैठक हुई।

इसमें जिले में एक्सपायरी सामान की बिक्री पर रोक लगाने तथा कालातीत हो चुकी दवाइयों को नष्ट करने के लिए मंथन किया गया। बैठक में जिले के दुकानदारों, व्यवसायियों द्वारा एक्सपायरी दवाइयों, पैकेज योग्य खाद्य पदाथो, पेय पदार्थों आदि की बिक्री के संबंध में चर्चा की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि एक्सपायरी खाद्य पदार्थों जैसे मिठाई की दुकानों एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम लगाया जाना सुनिश्चित करें। अगर कोई दुकानदार, व्यवसायी एवं होटल मालिक एक्सपायरी खाद्य पदार्थ बेचता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाएं। समय पर एक्सपायरड आइटम के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी आमजनमानस को शिविर के माध्यम से जागरूक कराया जाना सुनिश्चित करें। वरिष्ठ औषधी निरीक्षक द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा मेडिकल दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कालातीत दवाओं को कतई नहीं बेचा जाए। इस तरह की दवाइयां जानलेवा हो सकती हैं।

मेडिकल स्टोर वालों को निर्देशित किया गया है कि डॉक्टरों की सलाह के बगैर भी कोई दवाइयां न बेचें, और यदि दवाइयां बेची गई तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में लगा ताला

बागेश्वर। लंबे समय से सीतापुर चेत्र चिकित्सालय के बंद होने की सुगबुगाहट चल रही थी। शुक्रवार को आखिरकार अस्पताल में ताला लग गया है। यहां रखे उपकरणों को यहां तैनात कर्मचारी मरम्मत के लिए ले जाने की बात कहकर यहां से चला गया है। अस्पताल लंबे समय से संसाधनों की कमी से जूझ रहा था। इस करण अस्पताल पर संकट के बादल छाए रहे। अस्पताल को खोलने के लिए क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास व वरिष्ठ नागरिक कल्याण न्यास के लोग आगे आए। उन्होंने अस्पताल को हर संभव मदद की बात भी की। इस मामले में उन्होंने सीतापुर नेत्र चिकित्सालय उत्तर प्रदेश के संपत्ति कायार्यलय के प्रबंधनक इंजीनियर डीके शर्मा से बात की। वह गुरुवार को बागेश्वर पहुंचे। इंजीनियर ने विधायक व अन्य लोगों को बताया कि अस्साल में डॉक्टर नहीं है। कोई भी डॉक्टर यहां आने को तैयार नही है। अस्पताल के उपकरण भी खराब हो गए हैं।

# आयुष ममंगाई ने किया उत्तर माध्यमा में प्रदेश टॉप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बिग्रेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी के छात्र आयुष मंमगाई ने उत्तर मध्यमा में जहां प्रदेश टॉप किया वहीं इसी स्कूल के 5 छात्र पूर्व मध्यमा में प्रदेश की टॉप टेन सूची में स्थान बनाने में भी सफल रहे। बोर्ड संस्कृत शिक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद यहां विद्यालय परिवार के साथ ही छात्र-छात्राओं में खुशी है। शुक्रवार को उत्तराखण्ड संस्कृत बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी हुआ। जिसमें प्रदेश में भुवनेश्वरी के छात्रों का दबदबा भी दिखाई दिया। उत्तर मध्यमा (12 वीं) में यहां के छात्र आयुष मंमगाई 91 फीसदी अंकों के साथ न स्कूलों के साथ ही जिले का भी नाम रोशन किया। वहीं पूर्व मध्यमा (10वीं) इसी स्कूल के 5 छात्रों ने टॉप टेन सूची में अपना स्थान बनाया। जिसमें छात्र शशांक 5वें, आदित्य गैरोला व श्रेयांश संयुक्त रूप से 6वें, आदित्य थपलियाल और दिव्यांशु थपलियाल 8वें स्थान पर रहे।



### श्री ज्वालपा धाम संस्कृत स्कूल का शत प्रतिशत रहा परीक्षाफल

सतपुली : श्री ज्वालपा धाम संस्कृत विद्यालय पौड़ी गढ़वाल का दसवी (पूर्व मध्यमा) और बारवीं (उत्तर मध्यमा) का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। शुक्रवार को परिषदीय परीक्षा पूर्व मध्यमा एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा, जिसमें पूर्व मध्यमा में चार छात्र प्रथम स्थान एवं चार छात्र द्वितीय स्थान तथा उत्तर मध्यमा में चार छात्र प्रथम स्थान एवं दो छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबन्धक राजेश प्रकाश थपलियाल ने सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी शिक्षक बधाई के पात्र है। कहा कि भविष्य में भी शिक्षक उत्तम परीक्षाफल देने का प्रयास करेगें।

शुक्रवार को जैसे ही बोर्ड का परिणाम निकाला भुवनेश्वरी संस्कृत स्कूल में भी छात्र-छात्राओं में उत्साह देखा गया। प्रधानाचार्य अनसुया प्रसाद सुदरियाल सहित वरिष्ठ शिक्षक नवीन जुयाल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छात्रों व शिक्षकों की कड़ी मेहनत का सुखद परिणाम आया है। मौके पर मिष्ठान वितरण भी किया गया। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं। आयुष ममंगाई ग्राम मूल मोल्ठी नंदवालस्यूं पट्टी पौड़ी विकास खंड के निवासी है। आयुष ममंगाई की माता रेनू देवी गृहणी है। पिताजी निजी कंपनी में जॉब करते है। बालक की इस कामयाबी का श्रेय गुरुजनों को दिया और गुरुजनों का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आचार्य नवीन ममगांई, अनूप कुकरेती, ईशान, कमलदीप, आशीष, नीरज, अकिंत आदि भी मौजूद रहे।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया आईआईएमयूएन द्वारा राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आईआईएमयूएन द्वारा राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के युवाओं ने प्रतिभाग करते हुए राज्यपाल से कई विषयों पर संवाद किया।

राज्यपाल ने बच्चों के प्रश्नों और उनकी जिज्ञासाओं के जवाब दिए और उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आईआईएमयूएन(इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाईट द नेशंस) एक समर्पित युवा छात्रों का संगठन है जिसमें 220 शहरों और 35 देशों के 26,000 से अधिक समर्पित युवा शामिल हैं।

राज्यपाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में





युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और कहा की आप सभी हमारे देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा वर्तमान युग में युवा राष्ट्र की एक शक्तिशाली संपत्ति है, जिसमें प्रचुर मात्रा में ऊर्जा और उत्साह है जो समग्र उन्नति के लिए आवश्यक माना जाता है। आज का युवा, राष्ट्र के कल की स्थिति को आकार देता है। इसलिए युवा अवसरों को भुनाकर अपनी शक्ति और क्षमता का उपयोग करें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल दोनों में निपुण हों जिससे की राष्ट्र का सर्वांगीण विकास हो सके।

राज्यपाल ने कहा कि देश के युवा छात्र ही विकसित भारत का संकल्प पूरा करेंगे। हमें सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए युवाओं की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का लाभ उठाना चाहिए। विश्व भर में भारत के टैलेंट की भारी संख्या में मांग बढ़ रही है और आने वाले समय में हमारे युवा विश्व में नेतृत्व करेंगे। उन्होंने युवाओं को बड़े सपने देखने एवं उन्हें अपने दृढ़ संकल्प और आत्मानुशासन से पूरा करने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में एडमिरल(रिटायर्ड) आर. के. धोवन, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, आईआईएमयूएन के अतीब इम्तियाज, मितेश विजय, ईशान भारत, भावेश सोलंकी सहित विभिन्न स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com